[Shri Tarun Gogoi]

taken. If so, O.N.G.C. are to be blamed squarely for not taking adequate steps before, inspite of its knowledge of known deposits of crude in that region.

This is not the first time that such a thing has happened earlier also in Assam the oil field of Naharkatia though was discovered in the year 1952, the wells were kept sealed till 1962 when the Gauhati Refineries came up To avoid such complications in future, immediate steps should be taken and production in that region need not be stopped or slowed down by setting up a new refinery nearby the site of the reserves to meet all the requirements and thereby helping these backward regions to come up in the map of Petro-Chemical Industry in the country

### (ii) Reported difficulties faced by Rajkot Diesel Oil Engineering Industry.

**श्री धर्मसिंह भाई पटेल** (पोरबन्दर) उपाध्यक्ष महोदय, लोक सभा के नियम 377 के अधीन लोक महत्व के निम्न दर्शित विषय 'गुजरात के सौराष्ट्र प्रदेश के राजकोट में बनते हुए डीजल आयल इंजनों" की क्वालिटी (क्यू) मार्क की मान्यता (रिकगनीशन) उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक की ओर से तारीख 1-4-78 से रद्द करने से राजकोट डीजल इंजीनियरिंग उद्योग पर बड़ा खतरा होने के बारे में मैं संक्षिप्त में वक्तव्य देना चाहता हूं।

गुजरात के सौराष्ट्र प्रदेश के राजकोट शहर में आयल इंजीनियरिंग के उद्योग का विकास हुआ है। इस उद्योग में डीजल क्रुड आयल इंजन और इन के पुर्जे (स्पेयर पार्ट्स) बनाये जाते हैं। राजकोट में 160 डीजल आयल इंजन उत्पादन करने की छोटी छोटी फैक्टरियां और डीजल इंजन के पुर्जे बनाने की करीब 2000 छोटी छोटी फैक्टरियां हैं।

राजकोट में वार्षिक करीब एक लाख डीजल इंजन बनते हैं जिनकी कीमत करीब 20 करोड़ रुपये के होती है। इन में 20,000 मजदूर काम करते हैं। समूचे देश में 3 लाख आयल इंजन का उत्पादन होता है। इन में से राजकोट में एक लाख डीजल इंजनों का वार्षिक उत्पादन होता है। इसी तरह से देश के एक तिहाई हिस्सा का उत्पादन सिर्फ राजकोट (सौराष्ट्र) में होता है।

राजकोट में वार्षिक उत्पन्न हुए इस एक लाख डीजल इंजनों में से करीब 30 हजार डीजल आयल इंजनों की उत्तर प्रदेश में बिक्री होती है और 20 000 ईंजन मध्य पूर्व और दूर पूर्व के दूसरे देशों में निर्यात होते हैं और बकाया देश के अन्दर राज्यों में बिक जाते है।

इन डीजल आयल इंजनों की गुणवत्ता के लिए इण्डियन स्टैण्डर्ड इंस्टीट्यूशन से राजकोट के 16 बड़े उत्पादकों ने आई एस आई के मार्क लिए है। आई एस आई मार्क लेने के लिए करीब एक लाख रुपय की मशीनरी लगानी पड़ती है। यह छोटे उद्योग वाले नहीं कर सकते है। इसलिए गुजरात और अन्य सरकारों ने आई एस आई जैसे 'क्यू' मार्क को पद्धति अपनाई है। इनमें केवल छोटे उद्योग वालों को 20 हजार रुपये का खर्चा करना पड़ता है। और गुजरात में ऐसी यूनिटों के क्यू मार्क के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन किये गये है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने और उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक ने राजकोट में बनते हुए यह क्यू मार्क वाले डीजल इंजनों की मान्यता ता० 1-4-78 से बद कर दी है। इससे राजकोट के करीब 7,000 मजदूरों और छोटी फैक्ट्री वालों को कठिनाइयां उत्पन्न हुई हैं।

राजकोट इंजीनियरिंग एसोसिएशन राजकोट ने ता० 22-3-78 से तार से भारत

